इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ (छ.ग.)

दिनांक 20.07.2023

क्रमांक स्थापना/2023-24/अति.व्या./विज्ञा./1065

- विज्ञापन -

अतिथि व्याख्याता

विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिये निम्नांकित विभागों में अध्यापन व्यवस्था हेतु परीक्षा सम्पन्न होने या नियमित नियुक्ति होने तक जो भी पूर्व हो अतिथि व्याख्याता की नियुक्ति की जानी है। इस हेतु इच्छुक अभ्यर्थी से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

अतिथि व्याख्याताओं को प्रति व्याख्यान रू. 300/- जो प्रतिदिन 1200/- एवं प्रतिमाह अधिकतम रू. 31200/- तक मानदेय देय होगा । अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र समस्त मूल प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रति के साथ आवेदन **दिनांक 27.07.2023** तक अधिष्ठाता/विभाग प्रमुख, संबंधित संकाय को प्रेषित करेगें।

विवरण निम्नानुसार है -

क्रं.	विषय	संख्या
1	हिन्दुस्तानी गायन	06
2	अवनद्ध वाद्य (तबला)	03
3	कत्थक	03
4	ओडिसी	01
5	चित्रकला	02
6	मूर्तिकला	01
7	**क्राफ्ट एण्ड डिजाईन** टेक्सटाईलस डिजाईन -	01
8	प्रा.भा.इति.संस्कृति एवं पुरातत्व	01
9	अंग्रेजी	01
10	लोक संगीत	02

चयन प्रक्रिया पूर्णतया मेरिट के आधार पर एवं यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार की जावेगी। चयन हेतु वरीयता क्रम निम्नानुसार रहेगा -

1. श्रेणी-1 संबंधित विषय में नेट/स्लेट परीक्षा उतीर्ण या पीएच.डी. धारक ।
2. श्रेणी-2 संबंधित विषय में एम.फिल.।
3. श्रेणी-3 यू.जी.सी.के मापदंड अनुरूप स्नातकोत्तर स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त।
4. श्रेणी-4 यदि स्नातकोत्तर विषय में विशेषज्ञता किसी एक-विषय की हो तो उसे उसी विषय के लिये मान्य किया जावेगा । उदाहरणार्थ संगीत में वादन के विद्यार्थियों की गायन में अर्हता नहीं मानी जायेगी। इसी प्रकार आधुनिक इतिहास के विद्यार्थियों को मध्यकालीन अथवा प्राचीन भारतीय इतिहास में अर्ह नहीं माना जायेगा।

क्रमशः पेज 2 पर.....

5. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा समय-समय पर विहित शैक्षणिक अर्हता, स्नातकोत्तर स्तर पर कम से कम 55 प्रतिशत अंक होने चाहिए परन्तु अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों के अंको का प्रतिशत 50 प्रतिशत होगा।

   श्रेणी-1 के व्यक्तियों के नाम पर सर्वप्रथम विचार किया जाएगा। इस श्रेणी का कोई व्यक्ति उपलब्ध न हो तो श्रेणी-2 के अतिथि व्याख्याताओं के नामों पर विचार किया जाएगा। श्रेणी-1 एवं श्रेणी-2 के व्यक्ति उपलब्ध न होने पर ही श्रेणी तीन के उच्चतम योग्यता वाले व्यक्तियों के नामों पर विचार किया जायेगा।

6. प्रदर्शनकारी विषय में साक्षात्कार के समय प्रदर्शन आवश्यक होगा।

आदेशानुसार

(प्रो.डॉ.आई.डी.तिवारी)
कुलसचिव

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु -

1. अधिष्ठातागणों की ओर सूचनार्थ। अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति हेतु आपकी अध्यक्षता में अधिनस्थ वरिष्ठ शिक्षकों की एक समिति तैयार कर, चयन की अनुशंसा कुलपति महोदया की ओर अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करेंगी।
2. विभागाध्यक्ष, गायन/अवनद्व वाद्य/कत्थक/ओडिसी/प्रा.भा.इति.संस्कृति एवं पुरातत्व/ /अंग्रेजी/क्राफ्ट एण्ड डिजाईन/संस्कृत/चित्रकला/मूर्तिकला/लोकसंगीत/अंग्रेजी
3. प्राचार्य, श्रीराम संगीत महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)/
4. प्राचार्य, कमला देवी संगीत महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)
5. प्राचार्य, भातखण्डे संगीत महाविद्यालय, बिलासपुर
6. कुलपति सचिवालय/कुलसचिव कार्यालय/सूचना फलक हेतु।
7. विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.iksv.ac.in**

(प्रो.डॉ.आई.डी.तिवारी)
कुलसचिव